an>

Title:Regarding CSAT conducted by Union Public Service Commission.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से शून्य काल में एक अति महत्वपूर्ण सवाल उठाना चाहता हूं। सरकार ने सी-सैट परीक्षा के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, जिसमें लोक सभा और राज्य सभा के 26 दलों को बुलाया गया था। इसमें माननीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी, आदरणीय अरूण जेटली साहब, प्रधान मंत्री कार्यालय के माननीय जितेन्द्र सिंह जी, माननीय राजीव प्रताप रूडी जी, मुख्तार अब्बास नक़वी साहब एवं दोनों सदनों के अन्य सांसदगण थे। आदरणीय राजनाथ सिंह जी और वेंकैया नायडू जी ने कहा था कि सी-सैट एक संवेदनशील मुद्दा है और सरकार सभी दलों के साथ विचार करके सी-सैट के मामले में गंभीरता से विचार करेगी। उसकी रिपोर्ट भी अब आने वाली है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रति वÂ◌ाऩ आयोजित की जाने वाली प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सी-सैट के अंग्रेजी भाÂ◌ा◌ा समझ कौशल को भारतीय भाÂ◌ा◌ा में किया जाए, चाहे वह भारतीय भाÂ◌ा◌ा कोई भी हो। सी-सैट परीक्षा को खत्म करने की मांग पिछले वÂ◌ाऩ बजट सत्र में मैंने और अन्य माननीय सदस्यों ने एक साथ की थी। इसके लिए आंदोलन भी हुए। कई छात्र घायल हुए। वे जेल भी गए। उनकी कुशाग्रता के साथ मजाक होता रहता है। सरकार ने यह वचन दिया था कि सी-सैट के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलायी जाएगी। उसमें पांच मुद्दे थे -

1. पेपर-II में अंग्रेजी भाÂ◌ा◌ा के विÂ◌ाय में।

2. विश्लेÂ◌ाणात्मक अंगों के जारी रहने पर महत्व को कम किया जाए।

3. योग्यता के लिए पेपर-II बनाया जाए।

4. ऐच्छिक पेपर को दोबारा शुरू किया जाए।

5. कोई अन्य विकल्प दिया जाए।

अभी आदरणीय मुलायम सिंह जी ने भी कहा है कि हम लोग इस मामले में माननीय प्रधान मंत्री जी से मिलेंगे। वÂ◌ाऩ 2015 की प्रशासनिक सेवा परीक्षा की घोÂ◌ाणा 16 मई, 2015 को होने जा रही है, जिसमें लाखों छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफलता हेतु परीक्षा देते हैं।

माननीय अध्यक्ष : बैठिए।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : भारत सरकार ने सी-सैट के संदर्भ में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। यह अत्यंत ही दुःखद है।...(व्यवधान) भारतीय भाÂ◌ा◌ा में और हिन्दी भाÂ◌ा◌ा में इस परीक्षा को लेने का उपाय किया जाए।...(व्यवधान) यह अत्यंत ही दुःखद है और छात्रों के लिए यह अन्याय है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय को श्री जय प्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदय, यह परीक्षा सभी क्षेत्रीय भाÂ◌ा◌ाओं में होनी चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : महोदय, हम भारतीय भाÂ◌ा◌ाओं के पक्ष में हैं, केवल हिन्दी के पक्ष में नहीं हैं। हम अंग्रेजी के पक्ष में नहीं हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बैठिए।

श्री मुलायम सिंह यादव : उनकी जो मातृभाÂ◌ा◌ा है, उनमें उन्हें लिखने की अनुमति देने का निर्णय सरकार को लेना चाहिए।